जैव विविधता से संबंधित कार्यों की समीक्षा

- जैव विविधता प्रबंधन समितियों का ऑनलाइन हुआ सम्मेलन
- जिले के करियात वन संसाधन केंद्र में हुआ आयोजन

अररिया, संवाददाता। मंगलवार को जिले के करियात वन संसाधन केंद्र में जैव विविधता प्रबंधन समितियों का ऑनलाइन सम्मेलन किया गया।

जानकारी के मुताबिक इस सम्मेलन में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, जीविका दीदी और अररिया और फारबिसगंज के वन प्रक्षेत्र कर्मियों के अलावा जिला और प्रखंड स्तरीय जैव विविधता प्रबंधन समितियों के सदस्य शामिल हुए। राज्य के वन और पर्यावरण मंत्री प्रेम कुमार ने सम्मेलन को पटना से संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान जैव विविधता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। साथ ही जैव विविधता से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी हुई। सम्मेलन में पटना से पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के मुख्य वन रक्षक सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

करियात वन संसाधन केंद्र में ऑनलाइन सम्मेलन में मौजूद अररिया जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्य व अन्य। • हिन्दुस्तान